**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**18.12.2024 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3886 का उत्तर**

**कांठ रेल समपार पर रेल उपरि पुल**

**3886. श्रीमती रुचि वीरा:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या सरकार की कांठ रेल समपार (मुरादाबाद-सहरानपुर रेलवे लाइन) और रोशनपुर-बहेड़ी रेल समपार (मुरादाबाद-रामनगर रेलवे लाइन) पर एक उपरि पुल बनाने की योजना है;**

**(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और**

**(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (ग): भारतीय रेल पर समपारों के स्थान पर ऊपरी/निचले सड़क पुल संबंधी कार्यों को स्वीकृत करना सतत् और गतिशील प्रक्रिया है। ऐसे कार्यों को गाड़ी परिचालन में संरक्षा, गाड़ियों की गतिशीलता तथा सड़क उपयोगकर्ताओं पर प्रभाव और व्यवहार्यता आदि पर इसके प्रभाव के आधार पर प्राथमिकता दी जाती है और इन्हें शुरू किया जाता है।**

**2004-14 की तुलना में 2014-24 की अवधि के दौरान भारतीय रेल पर निर्मित किए गए ऊपरी/निचले सड़क पुलों की संख्या निम्नानुसार हैं:**

| अवधि | निर्मित ऊपरी/निचले सड़क पुलों की संख्या |
|---|---|
| 2004-14 | 4,148 अदद |
| 2014-24 | 11,945 अदद (लगभग तीन गुना) |

01.04.2024 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल पर 92,692 करोड़ रुपए की लागत से 4200 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुल स्वीकृत है, जिनमें उत्तर प्रदेश राज्य में 13,502 करोड़ रुपए की लागत पर ऊपरी/निचले सड़क पुल के 741 अदद स्वीकृत कार्य हैं, जो योजना और निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं।

कांठ के पास दो समपार हैं, अर्थात मुरादाबाद-सहारनपुर खंड पर किमी 1426/15-16 पर समपार संख्या 432/बी और किमी 1427/31-35 पर समपार संख्या 433/सी एवं रोशनपुर बहेड़ी के नजदीक एक समपार अर्थात मुरादाबाद-रामनगर खंड पर समपार संख्या 18/सी स्थित है।

मुरादाबाद-सहारनपुर खंड पर समपार सं 432/बी के स्थान पर 4 लेन वाले ऊपरी सड़क पुल के निर्माण कार्य को राज्य सरकार के साथ लागत भागीदारी के आधार पर स्वीकृत किया गया है।

मुरादाबाद-सहारनपुर खंड पर समपार संख्या 433/सी और मुरादाबाद-रामनगर खंड पर समपार संख्या 18/सी के स्थान पर ऊपरी सड़क पुल के निर्माण के लिए तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट/विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का कार्य शुरू किया जा चुका है।

*****